# संत ज़ेवियर सीनियर सैकेण्डरी विद्यालय, दिल्ली – 54

कक्षा–8 | द्वितीय सत्र परीक्षा – 2017-18 | पूर्णांक–80

दिनांक–23.2.2018 | हिन्दी | समय–3 घंटे

निर्देश :– 1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. सुलेख पर विशेष ध्यान दीजिए।
3. इस प्रश्न–पत्र के चार खंड हैं।
4. प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

## खंड 'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (1x4=4)

बाजीराव द्वितीय अंतिम पेशवा थे। 1818 ई. में अंग्रेज़ों ने पेशवाई खत्म कर दी और बाजीराव को आठ लाख रूपए वार्षिक पेंशन दे दी तथा बिठूर जागीर भी। बाजीराव को बिठूर जाना पड़ा। वहीं रहने लगे। चिमाजी अप्पा बाजीराव के भाई थे वे काशी चले गए। पूना में रह ही नहीं सकते थे। वहाँ अब रखा ही क्या था? मोरोपंत ताँबे पर चिमाजी की बड़ी कृपा थी। मोरोपंत उनके साथ काशी चले गए और उनका काम–काज करते रहे। उन्हें पचास रुपए मासिक वेतन मिलता था।

मोरोपंत ताँबे की पत्नी का नाम भागीरथी बाई था। भागीरथी बाई से मोरोपंत की एक पुत्री हुई। छुटपन में उसका नाम मनूबाई रखा गया। मनू का जन्म कार्तिक बदी चतुर्दशी संवत् 1891 विक्रम (19 नवंबर, सन् 1835 ई.) के दिन हुआ। यही बाद में हमारे देश के शूरवीरों की पताका, लक्ष्मीबाई कहलाई। जब मनू चार वर्ष की थी, माता भागीरथी बाई का देहांत काशी में हो गया। कुछ वर्ष बाद चिमाजी अप्पा का भी देहांत हो गया। बाजीराव ने मोरोपंत को बिठूर बुला लिया। मनू इतनी सुंदर थी कि छुटपन में ही बाजीराव बड़े प्यार के साथ उसे 'छबीली' कहकर पुकारते थे।

क. बाजीराव को बिठूर क्यों जाना पड़ा?
ख. लक्ष्मीबाई के माता–पिता का नाम लिखिए।
ग. 'वार्षिक' – शब्द से मूल शब्द व प्रत्यय अलग कीजिए।
घ. गद्यांश में निहित कोई दो साहित्यिक विशेषताएँ उदाहरण सहित बताइए।

2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (1x4=4)

जब–जब सिर उठाया
अपनी चौखट से टकराया
'शीश झुकाकर आओ' बोला
बाहर का आसमान
'शीश झुकाकर आओ' बोली
भीतर की दीवारें
दोनों ने ही मुझे
छोटा करना चाहा,
बुरा किया मैंने जो
यह घर बनाया
जब–जब सिर उठाया
अपनी चौखट से टकराया

क. इस कविता से क्या संदेश मिलता है?
ख. कवि किस बात को बुरा कह रहे हैं?
ग. पद्यांश में निहित एक अलंकार उदाहरण सहित लिखिए।
घ. 'आसमान' का एक पर्यायवाची शब्द लिखिए।

## खंड 'ख'

3. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए – (2x3=6)

क. आकर्षण, प्रत्यक्ष (विलोम शब्द लिखिए)
ख. कौआ, खग (वचन बदलकर लिखिए)
ग. आँख, राजा (एक–एक पर्यायवाची शब्द लिखिए)

4. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए – (1x2=2)

क. 'खिलाड़ी' शब्द में से प्रत्यय व मूल शब्द अलग करके लिखिए।
ख. 'पुनः' – उपसर्ग का प्रयोग कर दो नए शब्द बनाइए।

Contd......2.

5. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए – (1x4=4)
   क. वह सबके –––––– पिटता रहा। (उचित संबंधबोधक शब्द भरिए)
   ख. –––! मोहन कक्षा में प्रथम आया है। (उचित विस्मयादिबोधक शब्द भरिए)
   ग. कुछ लोग सुबह की ट्रेन से आएँगे। (विशेषण शब्द छाँटकर उसका भेद भी बताएँ)
   घ. विशेषण के कितने भेद होते हैं? किन्हीं दो का नाम लिखिए।

6. निम्नलिखित मुहावरे व लोकोक्तियों का अर्थ लिखिए – (1x4=4)
   क. खरी खोटी सुनाना
   ख. हवाई किले बनाना
   ग. मान न मान मैं तेरा मेहमान
   घ. साँप भी मर जाए और लाठी भी न टूटे

7. निम्नलिखित समस्त पद का विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए – (1x3=3)
   क. पीतांबर
   ख. सतसई
   ग. समस्त पद किसे कहते हैं?

8. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए – (1x3=3)
   क. तोता राम–राम बोलता है। (क्रिया पद छाँटकर भेद लिखिए)
   ख. 'घिरना' – क्रिया का प्रयोग कर एक वाक्य बनाइए।
   ग. क्रिया की परिभाषा लिखिए।

## खंड 'ग'

9. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

   "सो उड़ने का यही आनंद है – भर पाया मैं तो! पक्षी भी कितने मूर्ख हैं। धरती के सुख से अनजान रहकर आकाश की ऊँचाइयों को नापना चाहते थे। किंतु अब मैंने जान लिया कि आकाश में कुछ नहीं रखा। केवल ढ़ेर सी रोशनी के सिवा वहाँ कुछ भी नहीं, शरीर को सँभालने के लिए कोई स्थान नहीं, कोई सहारा नहीं। फिर वे पक्षी किस बूते पर इतनी डींगें हाँकते हैं, किसलिए धरती के प्राणियों को इतना छोटा समझते हैं।

   क. पाठ और लेखक का नाम लिखिए। (1)
   ख. शैलीगत कोई दो विशेषताएँ उदाहरण सहित लिखिए। (1)
   ग. साँप को पक्षी क्यों मूर्ख लगे? क्या आपको उसकी सोच सही लगती है? विचार कर लिखिए। (2)

10. पाठ्यपुस्तक के गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (2x4=8)
    क. लेखक हज़ारी प्रसाद द्विवेदी के अनुसार अभी निराश होने की आवश्यकता क्यों नहीं है? अपनी बात के समर्थन में उन्होंने किन घटनाओं का वर्णन किया हैं? किसी एक का संक्षेप में वर्णन कीजिए।
    ख. बदलू क्यों दुखी था? मशीनी युग के किन्हीं दो दुष्प्रभावों को लिखिए?
    ग. अकबरी लोटा के आधार पर बताइए कि क्या होता यदि अंग्रेज़ लोटा न खरीदता और पुलिस को बुला लेता?
    घ. साइकिल आंदोलन के समर्थन में पुडुकोट्टई की किन्हीं दो महिलाओं के विचार लिखिए।

11. निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए

    तेरैं लाल मेरौ माखन खायौ।
    दुपहर दिवस जानि घर सूनो, ढूँढ़ि–ढँढ़ोरि आप ही आयौ।
    खोलि किवारि, पैठि मंदिर मैं, दूध–दही सब सखनि खवायौ।
    ऊखल चढ़ि, सींके कौ लीन्हौ, अनभावत भुईं मैं ढ़रकायौ।

    क. पंक्तियों के कवि का नाम लिखिए। पद में कौन सी भाषा का प्रयोग हुआ है? (1)
    ख. पद्यांश में से चार शैलीगत विशेषताएँ उदाहरण सहित लिखिए। (2)
    ग गोपियाँ श्रीकृष्ण की क्या–क्या शिकायतें लेकर उनकी माता के पास पहुँची? किन्हीं चार का वर्णन कीजिए। (2)

12. पाठ्यपुस्तक की कविताओं पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (2x3=6)
    - क. कबीरदास के दोहों को साखी क्यों कहा जाता है? कबीर घास की निंदा करने से क्यों मना करते हैं?
    - ख. कृष्ण ने सुदामा से क्यों कहा – ''चोरी की बान में हौ जू प्रवीने।'' इस शिकायत के पीछे की पौराणिक कथा संक्षेप में लिखिए।
    - ग. अपने गाँव लौटकर जब सुदामा अपनी झोंपड़ी नहीं खोज पाए तब उनके मन में क्या–क्या विचार उत्पन्न हुए?

13. पाठ्यपुस्तक 'ज्ञान सागर' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए – (2x4=8)
    - क. सिपाही किसान के घर क्यों आए थे? वे अपने साथ क्या लाए थे?
    - ख. महाभारत के युद्ध के क्या परिणाम हुए? ऋषि उत्तंक श्री कृष्ण पर क्यों क्रोधित हुए?
    - ग. नवदीप के मन में लालच क्यों आया? अंत में उसने अपने लालच पर विजय कैसे पाई और क्या किया?
    - घ. नाना फडणवीस कौन थे? उन्होंने घोड़ों का बँटवारा किस प्रकार किया?

14. 'ज्ञान सागर' पुस्तक के आधार पर बताइए कि ये वाक्य किसने–किससे कहे – (1x4=4)
    - क. 'फिर तुमने उसे बुद्धू क्यों कहा?'
    - ख. आपको जब भी प्यास लगे, आप मेरा स्मरण करना।
    - ग. क्या बात है, आज घर नहीं चलना है?
    - घ. नाव में पत्थर डालो।

15. निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **5** शब्दों के अर्थ लिखिए – (1x5=5)

| | |
|---|---|
| क. झुटपुटा | ख. सिटपिटाना |
| ग. अजहूँ | घ. डामलफाँसी |
| ङ. फब्ती | च. लटी |

## खंड 'घ'

16. निम्नलिखित विषयों में से किसी <u>एक</u> विषय पर अनुच्छेद लिखिए (150 शब्द)। (5)
    1. अनुशासन का महत्व
    2. सर्दी की सुबह
    3. मेरा पहला भाषण

17. छोटी बहन को पत्र लिखिए तथा बताइए कि परीक्षाओं की तैयारी किस प्रकार करनी चाहिए। (5)

**अथवा**

पिता जी को पत्र लिखकर विद्यालय के मित्रों के साथ की गई पिकनिक का अनुभव बताइए।

*****